हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

11 प्रत्येक कार्यकर्ता का मजबूत होना पार्टी की ....



12 अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता, भिवानी ने...




## खबर संक्षेप

### लघु फिल्मों के लिए होगी 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों को लेकर लघु फिल्मों के लिए 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए भारतीय नागरिकों के रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से मानवाधिकारों को बढ़ावा देकर उनकी रक्षा करना इसका उद्देश्य है।

### ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक लिए जाएंगे

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि मंत्रालय द्वारा 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा इस स्कीम के अंतर्गत फ्रेश छात्रवृति के लिए पात्र विद्यार्थियों की मेरिट कट ऑफ लिस्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नवीनीकरण के लिए पात्र शिक्षा मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कृषियंत्र लेने के लिए 20 अगस्त तक करें आवेदन

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि मशीनों पर अनुदान दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों के आवेदन शुरू कर दिए हैं। इच्छुक किसान पोर्टल पर 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व पराली प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध करवाए जाते हैं।

वारदात के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ हैं खाली

# विद्यार्थियों ने सेक्टर मोड़ पर एक घंटे लगाया जाम, मनीषा को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन





**भिवानी।** बेटी मनीषा को न्याय दिलवाने को लेकर सेक्टर मोड पर जाम लगाते विद्यार्थी और इस दौरान जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय और महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रदर्शन में हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव सिंघानी में शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या के एक सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से गुस्साए विद्यार्थियों ने सोमवार को सेक्टर मोड पर जाम लगा दिया।

विद्यार्थियों ने घंटे तक जाम लगाए रखा, जिसमें राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय व महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने रोड जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मनीषा के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई। दोनों कॉलेजों के छात्र छात्राएं ने एक घंटें तक सेक्टर 13 मोड पर जाम लगाए रखा। विद्यार्थियों ने प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर शामिल होकर बेटी मनीषा को न्याय दिलवाने को शहर में प्रदर्शन किया, जिन्होंने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर न्याय की मांग की। विद्यार्थियों ने कहा कि सप्ताह बीतने के बाद भी बेटी मनीषा के हत्यारों को पकड़ा ना जाना सरकार और प्रशासन की घोर नाकामी है। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अध्यापिका की हत्या हो जाती है और पुलिस अभी तक हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से लोगों में गुस्सा है और अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो लोगों का गुस्सा उग्र हो सकता है। उन्होंने पुलिस व जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द से जल्द मनीषा के हत्यारों को गिरफ्तार कर बेटी के साथ न्याय नहीं किया तो ये आंदोलन और भी व्यापक रूप ले सकता है।

## मनीषा के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



- अपराधों का ग्राफ बढ़ने के कारण आमजन भय के साए में जीने को हैं मजबूर : सुशील धानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ढाणी लक्ष्मणपूरा निवासी टीचर मनीषा के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ा दंड देने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील धानक की अगुवाई में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम योगेश सैनी को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के साथ सरकार के खिलाफ कोर्ट परिसर में प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। ज्ञापन में बताया कि शिक्षिका मनीषा की नृशंस हत्या ने लोगों को झकझोर दिया है और जनता में रोष फैला हुआ है। उन्होंने राज्यपाल से सरकार को मामले में गंभीरता से कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता में ये धारणा बन गई है कि पुलिस का अपराधियों से गठजोड़ है। दरअसल अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जिसकारण आमजन भय के साए में जीने को मजबूर है। हररोज हत्या, चोरी, लूट, डकैती या बलात्कार की घटना घटित हो रही हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मपाल सांगवान, प्रवीण इमलोटा, रणधीर सिंह घिकाड़ा , राजू मान, बलजीत फोगाट, राजेश बाल्मीकि, दलबीर गांधी, प्रीतम चेयरमैन, सुधीर स्वामी पार्षद, धर्मेंद्र छपार आदि उपस्थित थे।

## शिक्षिका मनीषा हत्याकांड को लेकर निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव सिंघानी में अध्यापिका मनीषा की बेरहमी से गला रेतकर हत्या के मामले में न्याय की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। ढिगावा में ग्रामीणों का धरना लगातार जारी है, वहीं आंदोलन को अन्य गांवों से भी समर्थन मिल रहा है। सोमवार को गांव ईशरवाल के ग्रामीणों ने मनीषा को न्याय दिलाने के लिए एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया, जो गांव ईशरवाल से शुरू होकर ढिगावा स्थित धरनास्थल तक पहुंचा, जहां पहले से ही लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डटे हुए हैं।

पैदल मार्च में सिर्फ ईशरवाल ही नहीं, बल्कि आसपास के खावा, मंढ़ाण, झुल्ली, देवास, जैनावास, रोढ़ा, तलवानी, कलाली, हसान, सलेमपुर, बुसान आदि के ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। मार्च के दौरान ग्रामीणों ने तख्तियां और बैनर लेकर मनीषा के लिए न्याय की मांग की। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि पढ़ी-लिखी और होनहार बेटी की हत्या कर देना समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर अमरजीत ईशरवाल, मुकेश ईशरवाल, राजपाल सलेमपुर, धोलिया, प्रदीप बंसल, विकास हसान, रघुबीर भेरा, मुकेश सेठ, बंसी देवास सहित अनेक गांवों के सरपंच, पंच व ग्रामीण मौजूद रहे।




शिक्षिका हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## लोहारू ढिगावा के निजी स्कूल रहे बंद, एसोसिएशन ने एसपी से की मुलाकात

**लोहारू।** बीते दिवस सांय को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रामअवतार शर्मा के नेतृत्व में ढिगावा के सर्वोदय स्कूल परिसर में निजी स्कूल संचालकों की बैठक हुई थी। बैठक में एसोसिएशन के आह्वान पर शिक्षिका के मामले में मृतकां को इंसाफ दिलाने के लिए एक दिन के सभी निजी स्कूल बंद रखने और भिवानी में एसपी से मिलने का निर्णय लिया गया था। उसी सिलसिले में सोमवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों ने एसपी भिवानी से मुलाकात की और घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक शिक्षिका को मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। एसोसिएशन के लोहारू ब्लाक प्रधान नरेश ठुकराल ने बताया कि प्ले स्कूल की शिक्षिका के साथ हुआ यह जधन्य अपराध समाज को झकझोर देने वाला है। एसोसिएशन के सभी सदस्य संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। उस परिवार को इंसाफ मिलना चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## हत्याकांड की उच्च स्तरीय जांच करवाते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए: भैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

कस्बे अनाज मंडी बाढ़डा में एकत्रित होकर सीटू संबंधित यूनियनों ने मनीषा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि लोहारू के गांव सिंघानी के स्कूल में कार्यरत एक अध्यापिका मनीषा की मंगलवार को की गई निर्मम हत्या की कार्रवाई की घोर निंदा करते हुए अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दिलवाने की मांग की।

सीटू जिला प्रधान कमलेश भैरवी व सीटू जिला सचिव सुमेर सिंह जिला किसान सभा जिला प्रधान रणधीर कुंगड़ ने कहा कि सरकार नारा दे रही है बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटियों कि सुरक्षा देश व प्रदेश में चिंता का विषय है सरकार को महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर कदम उठाए जाने चाहिए और कहा कि यदि लड़की के परिवार की तरफ से दी गई, शिकायत पर समय रहते लोहारु पुलिस शीघ्र कार्रवाई करती तो उस लड़की की जान बच सकती थी। इसलिए लोगों को पुलिस की कार्यप्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है। तथा इस हत्याकांड की उच्च स्तरीय शीघ्र जांच करवाते हुए दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। इस निर्मम हत्या कांड से जनता में प्रशासन के प्रति भारी गुस्सा है।

उन्होंने कहा कि राज्य भर में कानून व्यवस्था का दिवाला पिटा हुआ है। आए दिन डकैती, मर्डर, हत्या,चोरियां, फिरौतियों की धमकियां मिलती हैं तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़, घरेलू हिंसा व बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है। इसलिए राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है, ताकि राज्य में अपराधों पर अंकुश लग सके।

### ये रहे मौजूद

इस मौके उपस्थित मिड-डे मील नेता अंजू निर्मला, राजकला, सफाई कर्मचारी नेता संजय जीतपूरा,मनफूल सिंह, रमेश कुमार, ओमप्रकाश खोरड़ा, नसीब मोद, भूप सिंह धारणी, हवा सिंह, रमेश कुमार, धन सिंह, नंबरदार महिपाल कारी दास, संतोष, बाला, सुमन, अंजू, सुनीता, अनीता आदि महिलाएं मौजूद रही।



## ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन ने हत्यारों की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** गांव सिंघानी में शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या ने पूरे समाज को हिला दिया है, जिससे क्षेत्र में भारी रोष एवं आक्रोश का माहौल है। मामले में ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन कौंसिल ने चेयरमैन एडवोकेट शिवकुमार बेडवाल व सचिव एडवोकेट अजय संभ्रवाल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसपी, हरियाणा महिला आयोग व हरियाणा मानव अधिकार आयोग के ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। कौंसिल के चेयरमैन एडवोकेट शिवकुमार, सचिव संभ्रवाल व जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपप्रधान रवि राय ने मांग की कि जल्द मनीषा की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि समाज में फैल रहे असंतोष को रोका जा सके। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रिया लेघां, अनुप धनाना, महेंद्रपाल यादव, भीमसिंह, प्रदीप कटारिया आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

प्ले स्कूल अध्यापिका मनीषा हत्याकांड को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को तोशाम में ग्रामीणों ने कस्बे में विरोध प्रदर्शन करते हुए उपमंडल कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार विकास सिंह को ज्ञापन सौंपकर हत्यारोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि ढाणी लक्ष्मण गांव की अध्यापिका मनीष हत्याकांड को लेकर भिवानी जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश में जगह-जगह लोगों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसी कड़ी में तोशाम में भी सोमवार सुबह ग्रामीण सिवानी चुंगी पर स्थित किसान चौक पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए उपमंडल कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों का आक्रोश जबरदस्त उबाल ले रहा था।

### इन्होंने सौंपा ज्ञापन

इस अवसर पर कमल प्रधान, अशोक मलिक, शहीद भगत सिंह युवा क्लब प्रधान संदीप पंघाल, संजय नाफरिया, मुकेश ढाणी माहू, हरदीप टाला, भागु पंघाल, भीष्म खानक, कुलदीप पटौदी, शुभम शर्मा मीरान वाले, दिनेश पंघाल, सुनील कुमार, अजय कुमार, संदीप लारा, पंच राजवीर फौजी, पंच प्रतिनिधि नरेंद्र उर्फ नंदा पंघाल, सुमित सोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




## शिक्षिका की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी, निकाला रोष मार्च

**भिवानी।** अध्यापिका मनीषा की निर्मम हत्या के विरोध में सोमवार को हांसी गेट बाजार के व्यापारियों ने दुकानें बंद रख शहर में रोष मार्च निकाला। व्यापारियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपनी ही बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई है। संगठन के प्रधान प्रेम धमीजा ने कहा कि शिक्षिका अपने ही घर के पास सुरक्षित नहीं है, तो हम आम लोग अपनी बेटियों को घर से बाहर कैसे भेजेंगे? उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस प्रशासन जल्द मनीषा के हत्यारों को गिरफ्तार कर उन्हें न्याय नहीं दिलाता तो वे पूरे भिवानी शहर को बंद करके विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर संगठन की कार्यकारिणी के सदस्य विजय गर्ग, दीपक जांगड़ा, दीपक बंसल, मनीष बंसल, अंकित महता आदि मौजूद रहे।

## शिक्षिका मनीषा हत्याकांड की एंटी करप्शन फाउंडेशन ने की कड़ी निंदा

**भिवानी।** गांव सिंघानी में बीते दिनों अध्यापिका मनीषा की गला रेतकर निमर्म हत्या करने की क्रूर वारदात ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध की एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सतर्कता एवं अपराध नियंत्रण विंग के राष्ट्रीय मुख्य निदेशक राकेश सोनी छपारिया ने कड़ी निंदा की है। छपारिया ने घटना को समाज पर काला धब्बा बताया और प्रदेश सरकार से मामले में तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने मांग की कि पुलिस जल्द इस हत्याकांड की गहनता से जांच करें, अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलवाए। छपारिया ने कहा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी ऐसी वारदात करने से पहले सौ बार सोचे।



## शिक्षिका हत्याकांड को लेकर गांव तिगड़ाना में सांकेतिक धरना शुरू

**भिवानी।** गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी मृतका मनीषा के हत्याकांड के आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर गांव तिगड़ाना में ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना दिया और जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीण सरपंच डॉ. सुरेन्द्र सिंह, बीडीसी चेयरमैन सीताराम शर्मा, महाराणा प्रताप युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष ठाकुर भोमराज सिंह, कर्मबीर सिंह, नवीन तंवर ठेकेदार, मास्टर राजेश आदि ने बताया कि शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने के लिए ढिगावा मंडी में चल रहे धरने का समर्थन किया। इस अवसर पर ठेकेदार सौपराय, पंच सुरेन्द्र, पंच प्रमोद, सोनू तंवर, अमन तंवर, डॉ. शैली, धर्मेंद्र गोलिया, ठेकेदार मुकेश, ठाकुर राहुल प्रताप सिंह, डॉ. राजेन्द्र, अशोकी, बंटी दहिया, सतबीर दहिया, विक्की तंवर, नरेश वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## सरकार की रेशनेलाइजेशन की नीति से रोजगार के अवसर होंगे खत्मः जटासरा

# विभिन्न मांगों को लेकर यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के नाम ज्ञापन भेजा। जिसमें रेशनलाइजेशन के नाम पर विभाग में पदों को खत्म करने और कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

इस मौके पर राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर, जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा के सबसे महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। इस विभाग ने हरित क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देश अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है और निर्यात करने में भी सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के मानदंडों के अनुसार विभाग में 19 हजार 682 स्वीकृत पद हैं, लेकिन सरकार ने रेशनलाइजेशन के बहाने इन पदों को घटाकर 12 हजार 284 करने की सिफारिश की है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों में रेशनलाइजेशन के नाम पर पदों को समाप्त करना बंद किया जाए और कार्य विस्तार को देखते हुए नए पद सृजित किए जाएं, कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित किया जाए तथा नियमित होने तक उन्हें सेवा सुरक्षा एक्ट के दायरे में सुरक्षा और सभी लाभ दिए जाएं। फील्ड कर्मचारियों के सेवा नियमों और वेतन विसंगतियों को संशोधित किया जाए। कैनाल गार्ड, गेज रीडर, और मेट जैसे कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी का दर्जा दिया जाए। 2020-23 ब्लॉक वर्ष की एलटीसी सुविधा से वंचित कर्मचारियों को भुगतान किया जाए और 2024-27 के लिए बजट उपलब्ध कराया जाए। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को धुलाई भत्ता मासिक वेतन के साथ दिया जाए। जोखिम भरे काम करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए। सभी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर यूनियन 6 सितंबर को मंत्री के भिवानी स्थित कैंप कार्यालय में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मांगों को लेकर मंत्री के आवास पर मांग पत्र सौंपते हुई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर, जिला प्रधान अनिल बागड़ी, जिला सचिव सोमबीर पालुवास, जिला सह सचिव सुरेंद्र प्रजापति, प्रवीण बडेसरा, बिजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजकुमार चांगिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रीदादी लाडन सती मंदिर में भादौ मेला 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भाद्रपद अमावस्या पर छोटी काशी के नाम से मशहूर भिवानी जिला के गांव तिगड़ाना स्थित श्रीदादी लाडन सती मंदिर में 23 अगस्त शनिवार को भव्य भादौ मेले का आयोजन श्रीदादी लाडन सती मंदिर ट्रस्ट तिगड़ाना द्वारा किया जाएगा।

यह आयोजन दादी सती की पूजा-अर्चना, स्तुति-वंदना और परिवार मिलन के लिए किया जा रहा है, जिसमें देशभर से भक्त शामिल होंगे। मंदिर के सेवक डॉ. आरबी गोयल, संरक्षक अरूण तिगड़ानिया व सचिव नोरंगराय गोयल ने बताया कि मेला दादी भक्तों के बीच भारी उत्साह का केंद्र बना हुआ है। भाद्रपद अमावस्या को पूरे देश में भक्तजन दादी सती की पूजा-अर्चना और मंगल पाठ का आयोजन करते हैं। तिगड़ाना के मंदिर में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विशेष कार्यक्रम होंगे। इस दौरान माता का श्रृंगार, भजन-कीर्तन, ज्योत प्रज्जवलन, सवामणि, भंडारा व सामूहिक आरती कार्यक्रम होंगे।



चालीस-पैंतालिस की उम्र में आकर हम यही सोचते हैं, अब जिंदगी में कुछ नया करने, बड़ा करने के दिन गए। जबकि ऐसा कुछ नहीं है, किसी भी उम्र में अपने सुहाने सपने पूरे किए जा सकते हैं। अपनी एक पहचान बनाई जा सकती है। बस जरूरत है, हम अपने भीतर उत्साह-उमंग और जोश समेटे रहें, पूरी तरह आशावादी रहें।

# अभी देर नहीं हुई आज भी संवर सकती है जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज अमृता का पैंतालिसवां जन्मदिन था। हर कोई उसे बधाई दे रहा था, लेकिन वह उदास थी। उसकी सहेली सुरभि ने अकेले में उसकी उदासी की वजह पूछी तो फूट-फूट कर रो पड़ी, बोली, 'मैं पैंतालिस साल की हो गई हूं। अभी तक मेरा अपना फ्लैट नहीं है, किराए के फ्लैट में रह रही हूं। न ही अभी तक मेरे किसी बच्चे की शादी हुई है। मेरे सब भाई-बहनों और सहेलियों के अपने फ्लैट हैं। बच्चे पढ़-लिख गए, उनकी शादी भी हो गई है। जिंदगी बीती जा रही है और मैं अब तक कुछ भी अचीव नहीं कर पाई।' सुरभि ने अमृता को समझाया, 'सुन अमी! न्यूयॉर्क कैलिफोर्निया से तीन घंटे आगे है, लेकिन इससे कैलिफोर्निया पीछे नहीं रह गया। पचास वर्षीया स्नेहा को आज सब जानते हैं, क्योंकि वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में सीईओ हैं, लेकिन पांच साल पहले तक उसे कोई नहीं जानता था। जबकि सचिन तेंदुलकर को 16 वर्ष की आयु में पूरी दुनिया जानने लग गई थी। कोई अड़तालिस साल की उम्र तक कुंवारा रह जाता है, फिर जीवनसाथी ढूंढ़ पाता है, जबकि किसी की शादी अट्ठाइस वर्ष की उम्र में हो जाती है, लेकिन तलाक होने की वजह से वह पैंतालिस वर्ष की उम्र में फिर से अकेला हो जाता है। ओबामा पचपन की उम्र में रिटायर हो गए, जबकि ट्रंप ने राजनीतिक शुरुआत ही 70 वर्ष की उम्र में की थी। दरअसल, दुनिया में हर किसी के समय का एक दौर या टाइम जोन होता है। कोई आपसे आगे दिख सकता है, तो कोई पीछे। लेकिन हर कोई अपनी दौड़ में अपने समय पर है। न किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत है और न नकल करने या दुखी होने की। वे अपने टाइम जोन में हैं, हम अपने जोन में। सही समय का इंतजार करना ही जिंदगी है। रिलैक्स करो। तुम एकदम समय पर हो और विधाता ने तुम्हारे लिए जो टाइम जोन सेट किया है, उसी के मुताबिक हो।' सुरभि ने अमृता से बिल्कुल सही कहा। हमें बीतती हुई उम्र के लिए चिंतित होने की बजाय, इन बातों पर ध्यान देना चाहिए-



## कुछ नया करने की कोई उम्र नहीं होती

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी उम्र कितनी है। आप यह मान कर चलें कि आज भी उतनी ही ऊर्जावान हैं, जितनी बीस-बाइस साल की उम्र में थीं। बड़ी उम्र में आना, जीवन का अंत नहीं है। यह आने वाले दिनों की नई शुरुआत है। अपने लक्ष्य तय करें और उन्हें हासिल करें। आप डांस या म्यूजिक सीखना चाहती हैं, अकेले दुनिया घूमना चाहती हैं, कोई नया और कुछ अलग हटकर शौक अपनाना चाहती हैं। बस, आप जो चाहती हैं, कर डालें, झिझकें नहीं। याद रखें, आपको एक ही जिंदगी मिली है, इसलिए वो सब करें, जो आपका दिल करना चाहे, लेकिन दुखी ना हों।

## सेहत पर पूरा ध्यान दें



अब तक आपने अपने सास-ससुर, पति, बच्चों आदि के लिए ही सब कुछ किया और कभी अपनी सेहत का ध्यान नहीं रखा। खूब काम किया और वो सब कुछ किया, जिससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंच सकता था। चालिए कोई बात नहीं, जब जागो तभी सवेरा। अब आपकी अपनी देखभाल का उचित समय आ गया है। अच्छा खाएं, व्यायाम करें, प्रकृति के नजदीक रहें, ध्यान लगाएं। जितनी अच्छी आदतें आप इस समय अपनाएंगी, उतनी ही स्वस्थ आप आने वाले समय में उम्र के पचास-साठ के दशक में रहेंगी।

## समय किसी के लिए नहीं रुकता

समय सतत चलायमान है। यह किसी के लिए नहीं रुकता है, लेकिन जैसे-जैसे यह बीतता है, नई सीख भी देता जाता है। समय के इस चक्र में कभी-कभी हमारी सीख और हमारे अनुभव भी असहाय नजर जाते हैं। कई बार हमें लगता है कि जिनसे हमारा सामना आज हो रहा है, उसे हमें बहुत पहले ही जान लेना चाहिए था। ऐसी ही कुछ बातें हैं, जिनको सुनने के बाद लगता है 'काश! ये सीख जवानी में मिली होती तो आज जीवन और भी सुखमय हो सकता था।'

## रहें हमेशा आशावादी

जिस तरह हर रात की सुबह होती है, ठीक उसी तरह हर पहलू का अंत होता है और एक नए पहलू का जन्म होता है। दुख है तो उसका अंत भी होगा और जीवन का अगला पड़ाव खुशियों से भरा होगा। अगर आपने अपना पूरा ध्यान भविष्य की चिंता पर लगा दिया तो इससे मौजूदा पल आपसे बिछड़ सकते हैं। इसलिए हर पल को जिएं और हर पल का लुत्फ उठाएं।

## अपने सपनों को पूरा करें

कई बार लोग चालीस पार जाते ही सोचने लगते हैं कि बदलाव के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। आप भी ऐसा सोचती हैं तो अपने को बदलिए। महिलाएं कई बार युवावस्था में जो शौक जिम्मेदारियों के बोझ के कारण पूरे न कर पाईं, उन्हें मौका मिलने और इच्छा होने के बावजूद लोकलाज या लोगों की टिप्पणी से डर कर पूरा नही करतीं। दूसरे क्या कहेंगे, यह सोचना छोड़िए और जीवन में जो भी अवसर मिले, उसे लपक कर पकड़ें। यह सोचकर कि अब तो आप चालीस के पार हो चुकी हैं, नया क्या करना, हाथ में आया अवसर गंवाएं नहीं। आप बस एक ही बात सोचिए, नई शुरुआत करने के लिए अभी बहुत देर नहीं हुई है। जीवन आज भी संवारा जा सकता है। अपनी एक बड़ी पहचान बनाई जा सकती है।

# एक दायरे में रह कर निभाएं रिश्ते

एक तरफ तो हम इस आधुनिक जीवनशैली में अपने रिश्तों से दूर होते जा रहे हैं, दूसरी ओर रिश्ते इस तरह निभाए जा रहे हैं, जो तनाव का सबब बन रहे हैं। रिश्तों में वो अपनापन और मधुरता नहीं दिखती, जो पहले कभी दिखती थी। सवाल यह है कि हम अपने रिश्तों का निर्वाह किस तरह करें, ताकि हमारे रिश्ते बने रहें। आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

रिलेशनशिप
बुशरा फातमा



आज की जीवनशैली में हम इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद अकेलापन महसूस करते हैं, भीतर एक बेचैनी रहती है। ऊपर से हम अपनों से दूर रहकर सोशल मीडिया के आभासी रिश्तों में उलझे रहते हैं। इसकी बड़ी वजह है, पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती दूरियां। देखा जाए तो रिश्तों में अब वो अपनत्व नहीं रहा, जो पहले कभी हुआ करता था। इसकी एक मुख्य वजह एक यह भी है कि कई रिश्ते अब ऐसे हो गए हैं, जो हमें मानसिक तनाव देते हैं। ऐसे में रिश्तों में दूरियां आना स्वाभाविक है। स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे रिश्तों के इस बदलते रूप को एक अलग नजरिए से देखते हैं। वह कहते हैं, 'रिश्तों को एक दायरे में रहकर निभाया जाए तो इससे इंसान ना सिर्फ अनावश्यक तनाव से बच सकता है बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी को खत्म भी किया जा सकता है।'

**जरूरी है दोनों तरफ से रिश्तों का निर्वहन:** हमारे आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं, जो सिर्फ अपने फायदे के लिए ही रिश्ते रखते हैं। वे चाहते हैं, जब उन्हें आपकी जरूरत हो तो आप उपलब्ध रहें। हमेशा उनकी मदद के लिए खड़े रहें, लेकिन जब आपको उनकी जरूरत हो तो वो उपलब्ध नहीं होंगे, व्यस्तता का बहाना बना देंगे। इसलिए ऐसे रिश्तों से सावधान रहें। ऐसे लोगों का जब कोई काम हो तो आप उन्हें काम करने के लिए साफ मना कर दें। इसमें कोई बुराई नहीं है। आसानी से अपनी उपलब्धता देते रहना, अपनी वैल्यू घटाना है, साथ ही ऐसे लोग रिश्तों को कमजोर भी बनाते हैं। रिश्तों में दोनों तरफ से निर्वहन जरूरी है, यह भावना रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसमें नकारात्मकता की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**मेडिटेशन और योग करें:** अगर टॉक्सिक रिलेशनशिप से तनाव ज्यादा बढ़ रहा है तो इससे दूरी बनाएं। इस संबंध में एक बात बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है, वो है योग का सहारा लेना। नकारात्मक मूड से निकलने के लिए सबसे आसान तरीका है- मेडिटेशन और योगासन। इसका नियमित अभ्यास हमें रिश्तों को संभालना सिखाता है, हमें तनावमुक्त करता है।

**सीखें ना कहने की कला:** कई बार सामने वाले से आपकी किसी बात को लेकर सहमति नहीं होती, लेकिन उसे तकलीफ ना पहुंचे, इसलिए आप अपनी असहमति प्रकट नहीं करतीं। लेकिन कुछ ना कह पाने की झिझक रिश्तों को घुन की तरह खाती रहती है, इससे रिश्ते खोखले होते चले जाते हैं। इसलिए गैरजरूरी कामों के लिए ना कहना सीख लें।

## सोशल मीडिया पर रिश्तों की परख जरूरी



**इन दिनों** यह बहुत ही आम बात है कि हर इंसान के पास लैपटॉप-स्मार्टफोन है, जो वर्चुअल रिश्तों को खूब बढ़ावा दे रहा है। लेकिन इस तरह के रिश्तों में बढ़ती घटनाओं ने हमें यह सबक सिखाया है कि वर्चुअल रिश्तों की परख होना बहुत जरूरी है, साथ एक सीमित दायरे में रिश्ते बनाए रखना चाहिए। इस वर्चुअल वर्ल्ड में भले ही अनगिनत रिश्ते चंद दिनों में बन जाते हैं, लेकिन इन पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी की बात नहीं है।

**सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म:** स्प्रिचुअल गुरु अशोक रोडे इस बात को बहुत अहमियत देते हैं कि हर इंसान को सेल्फ डिफेंस मैकेनिज्म की समझ होनी चाहिए, जैसे आप किसी ऐसी स्थिति में हैं कि जहां बात बिगड़ सकती है, वहां आपका व्यवहार और रवैया बहुत अहम हो जाता है। स्थिति का अच्छा-बुरा होना हम पर निर्भर करता है। बिना चिल्लाए, गुस्सा किए कई बार हम स्थिति को संभाल सकते हैं।

डेकोरेशन
राना हक

डेकोरेटिव आइटम्स से सजा घर सभी को आकर्षक लगता है। लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपके होम डेकोरेशन को नेचुरल लुक मिले तो आप कुछ ईको फ्रेंडली आइडियाज को फॉलो कर सकती हैं। आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

# अपने घर को दें ईको फ्रेंडली लुक



आमतौर पर घर की सजावट का सामान खरीदते समय हम इस बात को अनदेखा कर देते हैं कि उसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ेगा? हमारी छोटी-छोटी लापरवाहियों से भी पर्यावरण पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि अपने घर को इस तरह सजाया जाए, जिससे घर दिखने में तो सुंदर लगे ही, पर्यावरण को भी कोई नुकसान न हो।

**इंडोर प्लांट्स से आए हरियाली:** घर अगर छोटा हो और बालकनी में पर्याप्त जगह न हो तो घर सजाने के लिए इंडोर प्लांट्स बेहतरीन ऑप्शन हैं। इंडोर प्लांट्स की खास बात ये है कि इनमें से ज्यादातर एयर प्यूरीफायर का काम करते हैं, जो सजावट के साथ-साथ आपके घर की हवा को साफ रखने में भी मदद करते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि



इन प्लांट्स को प्लास्टिक पॉट के बजाय सेरेमिक या रिसाइकल्ड बॉटल्स में लगाएं।

**लिविंग रूम में केन फर्नीचर:** यूं तो मार्केट में कई तरह के फैंसी फर्नीचर मिल जाते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश कुछ ही समय में खराब होने लगते हैं। इनके बजाय आप केन फर्नीचर से अपने घर के लिविंग रूम को डेकोरेट कर सकती हैं। इनकी खासियत यह होती है कि ये बहुत टिकाऊ होते हैं। इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे ये सालों-साल घर की शोभा बढ़ाते रहते हैं। अब तो केन फर्नीचर भी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से मॉडर्न लुक में उपलब्ध हैं। ऐसे फर्नीचर को तैयार करने में ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉडर्न टेक्सचर का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसीलिए ये अट्रैक्टिव लगते हैं और इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

**नेचुरल फैब्रिक का करें यूज:** घर में यूज किए जाने वाले ज्यादातर फैंसी कर्टेन सिंथेटिक फाइबर के बने होते हैं। ये एन्वॉयर्नमेंट के लिए हार्मफुल होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो कर्टेन, कुशन कवर, बेडशीट जैसी चीजों के लिए नेचुरल फैब्रिक का सेलेक्शन करें। कॉटन, लिनेन, जूट जैसे फैब्रिक थोड़े महंगे जरूर होते हैं, लेकिन इनकी लाइफ लंबी होती है। ये आपके खर्च को कंट्रोल करने में मदद करते हैं और पर्यावरण के लिए भी अच्छे होते है।

**मल्टीपर्पस सामानों का करें यूज:** आजकल फ्लैट कल्चर में डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए स्पेस बहुत कम ही बचता है। इसलिए जहां तक संभव हो ऐसे फर्नीचर का चुनाव करें, जिसका इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। फोल्डेबल टेबल्स, स्टोरेज टूल, डेकोरेटिव बॉक्सेस दिखने में अच्छे लगते हैं और इनका इस्तेमाल भी कई तरह से किया जा सकता है। ऐसे मल्टीपर्पस सामान यूज करने से जो स्पेस बचता है, उसमें आप मनपसंद डेकोरेटिव आइटम्स रख सकती हैं।

**हैंडक्राफ्टेड डेकोरेटिव आइटम्स:** घर सजाते समय अगर आप छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखेंगी तो ये न सिर्फ बजट के लिए सही रहता है,



बल्कि ईकोफ्रेंडली ऑप्शन अपना कर पर्यावरण को बचाने में भी मदद कर सकती हैं। जैसे-वॉल हैंगिंग्स, पॉट्स, किचेन टूल्स, क्ले पॉट्स जैसे हैंडीक्राफ्टेड आइटम्स बहुत अट्रैक्टिव तो लगते ही हैं, ईकोफ्रेंडली भी होते हैं।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# यूज करें होममेड मॉयश्चराइजर चेहरा दिखेगा खिला-खिला

सीजन कोई भी हो, स्किन केयर के लिए पूरे साल मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। यह न केवल स्किन को हाइड्रेट करता है बल्कि स्किन को सॉफ्ट बनाता है और सुरक्षित रखता है। आप होममेड मॉयश्चराइजर यूज कर सकती हैं।

**नॉर्मल स्किन:** अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो आप बादाम और एलोवेरा का मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में आधा कप एलोवेरा जैल, 2 बड़े चम्मच जोजोबा या बादाम का तेल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5-6 बूंदें मिलाएं। जब तक ये फ्लफी न हो जाएं, इन्हें मिलाते रहें। इसके बाद इसे एक एयरटाइट कंटेनर में भर कर फ्रिज में रख दें। आप इसे जरूरत के मुताबिक लगा सकती हैं। इस



क्रीम का इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को पानी और फेस वॉश से क्लीन करना न भूलें।

**ऑयली स्किन:** ऑयली स्किन के लिए भी आप मॉयश्चराइजर घर में बना सकती हैं। कांच के कटोरे में ताजा एलोवेरा से एक चम्मच एलोवेरा जैल निकाल लें। इसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मिश्रण में आधा चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच बादाम का तेल मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें। इस मॉयश्चराइजर को आप नियमित रूप से उपयोग कर सकती हैं।



ऑयली स्किन के लिए आप यह तरीका भी अपना सकती हैं। एक पैन में थोड़ा सा गुलाब जल लें और उसमें एक कप गुलाब की पंखुड़ियां डालकर इसे उबाल लें। जब घोल ठंडा हो जाए तो इसे छान लें। अब इसमें एलोवेरा जैल मिलाएं और इस मिश्रण को फ्रिज में रख दें। इसे अपने चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। ऐसा आप हर रात सोने से पहले करती रहें। इससे स्किन सॉफ्ट बनेगी।

**ड्राई स्किन:** अगर आपकी स्किन ड्राई है तो भी आप मॉयश्चराइजर बना सकती हैं। ड्राई स्किन के लिए एक कटोरे में एक चम्मच शहद और दो चम्मच ग्लिसरीन डालें। इस मिश्रण में दो चम्मच एलोवेरा जैल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में दो चम्मच ग्रीन टी का पानी डालकर इसे अच्छे से पेस्ट बना लें। जब पेस्ट क्रीम की तरह मिक्स हो जाए तो इसे कांच की बोतल में रख लें। अब इस बोतल को फ्रिज में रख दें और इस मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करें। आपका चेहरा हमेशा खिला हुआ नजर आएगा।

# रेनी सीजन में क्या खाएं-क्या न खाएं

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां खान-पान में लापरवाही से होती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि इस मौसम में अपनी डाइट को लेकर क्या सावधानियां बरतनी जरूरी हैं?

डाइट सजेशन
डॉ. अदिति शर्मा, डाइटीशियन

बारिश के मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती है। नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से बढ़ते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं, इसलिए खान-पान को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं, इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट।



**ताजा-गर्म भोजन:** इस मौसम में बाहर का खाना खाने से परहेज करें, क्योंकि इस मौसम में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, इसलिए घर का बना ताजा और गर्म खाना ही खाएं। हमेशा हल्का खाना खाएं। तले-भुने व्यंजनों से भी परहेज करें। दलिया, खिचड़ी, दाल, सूप को अपने खाने में शामिल करें। ठंडा और फ्रिज में रखा हुआ खाना न खाएं।

**इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं:** अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए तुलसी, अदरक वाली चाय का सेवन करें। काढ़ा पीने से भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे इन दिनों होने वाली बीमारियों से भी आप सुरक्षित रहती हैं।

**मौसमी सब्जियां-फल:** मौसमी सब्जियों और फलों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए। इस मौसम में लौकी, परवल, तोरी, और सीताफल खा सकती हैं, क्योंकि ये सब पेट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती हैं लेकिन इसे बनाने से पहले अच्छी तरह से जरूर साफ कर लें। इसके अलावा रंग-बिरंगे फलों का भी सेवन फायदेमंद होता है जैसे सेब, आम, जामुन, अमरूद, चेरी, स्ट्रॉबेरी और आलू बुखारा खा सकती हैं। इसमें फाइबर और विटामिंस होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होते हैं। ये हमारे इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। लेकिन खाने से पहले फलों को अच्छी तरह धोना जरूरी है।

**आटा-चावल:** इस मौसम में बाजरा, रागी और गेंहू के आटे को बदल-बदल कर खाना चाहिए। बाजरा और रागी में प्रोटीन, कैल्शियम बहुत होता है। इसके अलावा चावल में ब्राउन राइस लें, क्योंकि ये हार्ट, शुगर और बीपी के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

**लिक्विड:** बरसात के मौसम में गुनगुने पानी का ही सेवन करें या फिल्टर का पानी पीएं। इसके साथ नीबू पानी, नारियल पानी, सूप पीना भी फायदेमंद होता है।

प्रस्तुति: संध्या रानी

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



चरखी दादरी। एसएमओ को दवाइयां भेंट करते फाउंडेशन सदस्य।

### गीत अर्जुना फाउंडेशन ने सीएचसी में सौंपी दवाइयां

**चरखी दादरी।** गीत अर्जुना फाउंडेशन द्वारा बौंद कलां सरकारी अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों के लिए निशुल्क दवाईयां दान की। इस सेवा भावपूर्ण अवसर पर सीएचसी की ओर से एसएमओ डॉ. टीकाराम, डॉ. रजनीश एवं अरुण उपस्थित रहे। फाउंडेशन की तरफ से कोमल सोनी, अमित व दिनेश सोनी ने अस्पताल प्रशासन को दवाएं सौंपी। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर सही इलाज व आवश्यक दवाइयां मिल सकें। गीत अर्जुना फाउंडेशन का यह कार्य मानव सेवा संकल्प प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया, जो समाज के हर तबके तक स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं निःशुल्क पहुंचाने के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है।



### ग्रास रूट विद्यालय में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेडा के ग्रास रूट इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने अपनी अहम भूमिका अदा की। छोटे-छोटे प्यारे-प्यारे बच्चों ने ''फिर भी दिल है हिंदुस्तानी फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, जलवा तेरा जलवा, मेरा रंग दे बसंती चोला रंग दे'' आदि पर झूमकर सभी को हतप्रभ कर दिया। विद्यालय मुखिया वीना भ्याणा ने बताया कि उनके विद्यालय में बच्चों को शुरू से ही शिक्षा के साथ साथ देशभक्ति, धार्मिक, सामाजिक कार्यों के प्रति शिक्षा दी जाती है। शिक्षकों के साथ अभिभावक भी उनका पूरा सहयोग करते हैं।

### जांगड़ा समाज की बैठक कल होगी

**बाढ़ड़ा।** जांगड़ा समाज की महत्वपूर्ण बैठक कल 20 अगस्त को होगी। यह जानकारी समाज के प्रधान प्रकाशसिंह बेरला एवं सचिव महिपाल जांगड़ा ने सांझा की। उन्होंने बताया कि बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से शिक्षा, युवा जागरूकता, सामाजिक एकता तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विचार-विमर्श होगा। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवावर्ग एवं गणमान्य सदस्य भाग लेंगे।

### शिकायतों का तुरंत समाधान करें: एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं जा रही है। समाधान शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और भूमि रिकॉर्ड आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज हो रही है। विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रह कर शिकायतों को गंभीरता से सुनने उपरान्त उनके समाधान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

## नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने को लेकर बनाई जा रही रणनीति: श्रुति

# प्रत्येक कार्यकर्ता का मजबूत होना पार्टी की असली ताकत : फणीन्द्र नाथ शर्मा

### भिवानी में भाजपा की जिला कार्यकारिणी बैठक : संगठन को मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को स्थानीय पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, हरियाणा की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी और जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक सहित जिले भर के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों और पार्टी संगठन को मंडल से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करना था। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए मूल



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

मंत्र दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने की जरूरत है। शर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर हर कार्यकर्ता का मजबूत होना ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने आने वाले कार्यक्रमों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें हर बूथ पर पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करना और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना शामिल है। प्रदेश की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने क्षेत्र की एक अहम समस्या, नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने पर बात की। उन्होंने इस विषय पर कई महत्वपूर्ण बातें बताई तथा कहा कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में कई नई योजनाएं लाई जा रही हैं, ताकि किसानों को पर्याप्त पानी मिल सके और उनकी फसलें बर्बाद न हों। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जेपी दलाल, विधायक कपूर वाल्मीकि, जिला प्रभारी रेनू डाबला, ठाकुर विक्रम सिंह, नंदराम धनिया, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल आदि मौजूद रहे।

#### पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं

*बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह बैठक सफल रही और इससे पार्टी को आगे की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सभी मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने के लिए काम करें और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं। कौशिक ने बताया कि यह बैठक आगामी चुनावों से पहले पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कदम है।*



भिवानी। सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### सुभाषचंद्र बॉस की शहादत से हम सब लें प्रेरणा: राठी

**भिवानी।** दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के राज्य उपाध्यक्ष विकास राठी व पटवारियों ने सोमवार को पुरानी तहसील में स्थित पटवारखाना में भारत माँ के वीर सपूत आजाद हिंद फौज के नेता व महान स्वतंत्रता सुभाषचंद्र बॉस के बलिदान को सादर नमन किया। इस दौरान राज्य उपप्रधान विकास राठी ने कहा कि हम सब शहीदों के सदैव ऋणी रहेंगे।। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया, हम सब भी राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लेते हैं।भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक नए युग की शुरुआत की। उनकी वीरता और बलिदान ने देश के लोगों को प्रेरित किया और स्वतंत्रता की लड़ाई में नई ऊर्जा का संचार किया। नेताजी की शहादत आज भी हमें प्रेरित करती है और देश के लिए कुछ करने के लिए प्रोत्साहित करती है। उनकी कुर्बानी हमें सिखाती है कि सच्ची देशभक्ति क्या होती है और कैसे हम अपने देश के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शैलेन्द्र पटवारी ने कहा इनकी याद में हम उनकी वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। उनकी शहादत ने देश को एक नई दिशा दिखाई । इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार पटवारी, बलबीर पटवारी, संदीप रोहिल्ला पटवारी, ऑपरेटर मंजीत, राकेश बाली पटवारी , हरकेश पटवारी, मुकेश दिनोद ,पटवारी विनोद , अमरचंद व धर्मपाल चौकीदार, प्रशिक्षु पटवारी राजेश व जंगबीर, बीरु व इंद्रजीत नागर आदि उपस्थित थे।

## मुआवजे और बीमा क्लेम की मांग को लेकर किसानों का धरना रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

फसल बीमा योजना में कथित 3500 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। किसानों का धरना सोमवार को भी कस्बे की अनाजमंडी में जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सुंदपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को बीमा क्लेम की राशि नहीं मिल रही है, जबकि बीमा कंपनियों और अधिकारियों की मिलीभगत से भारी गड़बड़ी की गई है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके नुकसान का सही आकलन नहीं किया गया और बीमा राशि का गबन हुआ है। किसानों ने



बाढड़ा। अनाजमंडी में मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान।

कहा कि ये आंदोलन सिर्फ बीमा क्लेम का नहीं, बल्कि किसान की मेहनत और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि घोटाले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। रणधीर सिंह कुंगड ने कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक यह धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर सुमेर सिंह भांडवा,रणधीर सिंह कुंगड़, मास्टर रघबीर सिंह काकडोली, पूर्व चेयरमैन सुरेशमान, ब्रह्मपाल बाढ़ड़ा, नरेश कादयान, सुमेर सिंह धारणी, प्रताप हंसावास ,पारस काकड़ोली आदि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन में रोजगार मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

जिला भिवानी के पंचायत भवन में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा भिवानी द्वारा भिवानी जिले के राजकीय विद्यालयों में एनएसक्यूएफ व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को रोजगार प्रदान करने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त कम अध्यक्ष समग्र शिक्षा डॉक्टर मुनीष नागपाल, आईएएस विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी, भिवानी डॉक्टर निर्मल दहिया , कार्यक्रम अध्यक्ष



बवानीखेड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

विनय कुमार जिंदल , नोडल अधिकारी विवेक अदलखा, जिला विज्ञान विशेषज रोहित कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। सभी अतिथियों ने इस अवसर पर रोजगार मेले में रोजगार प्रदान करने के लिए आए नियोक्ता को सम्मान पटका प्रदान कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि रोजगार न केवल हमारी आर्थिक स्थिति को सुधारता है, बल्कि यह हमें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ निर्मल दहिया ने बताया कि आज के युवाओं के पास न केवल कौशल है, बल्कि उनके पास नवाचार और रचनात्मकता की भी अद्भुत क्षमता है और आप सभी को अपने कौशल और प्रतिभा का उपयोग करके न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और देश के लिए भी योगदान देना चाहिए। जिला परियोजना संयोजक विनय कुमार जिंदल ने बताया इस मेले का उद्देश्य पात्र छात्रों को नियोक्ताओं से जुड़ने और संबंधित उद्योगों में प्लेसमेंट के अवसर तलाशने के लिए एक सीधा मंच प्रदान करना है।

### स्कूल के जर्जर हुए भवनों में कक्षाएं न लगाई जाएं: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर आयोजित हुआ। एडीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों के जर्जर हुए भवनों में कक्षाएं न लगाई जाएं। कक्षाएं नजदीक लगते दूसरे स्कूल में लगाई जाएं। तेज बारिश के दिन स्कूलों में अवकाश सुनिश्चित किया जाए। एडीसी ने ये आदेश समाधान शिविर में बहल निवासी राजेश अग्रवाल द्वारा स्कूल के जर्जर कमरों में कक्षाएं लगाने से संबंधित शिकायत पर दिए। एडीसी ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बारिश के चलते स्कूल परिसरों में साफ-सफाई दुरूस्त की जाए।

सम्मान समारोह आयोजित

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

कारीदास स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में एसडीएम लोहारू मनोज कुमार दलाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। समारोह में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए दलाल ने कहा कि छोटे बच्चों को सम्मानित करने से उनके आत्म-सम्मान, प्रेरणा, और सकारात्मक व्यवहार में सुधार होता है और भविष्य में ओर बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।



बाढ़ड़ा। गांव कारीदास के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते एसडीएम मनोज कुमार दलाल।

स्कूल अध्यापक अनिल कुमार की अगुवाई में आज बच्चों को सम्मानित करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। अध्यापक सुंदरपाल फोगाट ने कहा कि प्रशंसा और सम्मान बच्चों को अच्छे व्यवहार को प्रोत्साहित करने में मदद करते हैं, जब वे जानते हैं कि उनके अच्छे काम को सराहा जाएगा, तो वे बार-बार वैसा ही करने की कोशिश करेंगे। विज्ञान अध्यापक रविंद्र कुमार ने कहा कि पुरस्कार, छात्रों को कड़ी मेहनत करने, लंबे समय तक अध्ययन करने और हर बार अपना शत-प्रतिशत देने के लिए प्रेरित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक हैं। इस अवसर पर नरेश कुमार, सुंदर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि बलजीत फोगाट, एसएमसी प्रधान संतोष देवी आदि उपस्थित थे।



### एडीसी ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**चरखी दादरी।** एडीसी डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एडीसी डॉ. नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीसी ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि वे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लैंगिक सशक्तिकरण के लिए नीतिगत इनपुट तथा महिलाओं और बच्चों के पोषण परिणामों में सुधार करें। उन्होंने बाल संरक्षण सेवाएं, बाल कल्याण योजनाएं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, शिशुगृह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लैंगिक बजट आदि योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। एडीसी डॉ. नागपाल ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर के प्रति गांवों और शहरी क्षेत्र में सभी लोगों को पूरी तरह से जानकारी नहीं है, इसलिए वन स्टॉप सेंटर की ग्रामीणों को जानकारी दें।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

### राष्ट्र का संपूर्ण विकास हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व: वशिष्ठ

**चरखी दादरी।** कोई भी देश केवल आजाद होकर ही पूर्ण नहीं बनता, बल्कि उसकी पूर्णता के लिए उसके हर एक वर्ग के नागरिक को अपना योगदान देना आवश्यक होता है, जब तक हम भारत के हर राज्य को आत्मनिर्भर नहीं बना देते तब तक हमारी आजादी के मायने अधूरे हैं, ये बात एमसी कॉलोनी स्थित रवि इंडियन कोचिंग स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डायरेक्टर रविंद्र वशिष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का संपूर्ण विकास हम सभी भारतीयों का सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने संस्था परिसर में ध्वजारोहण किया व आजादी के महत्व से सभी बच्चों को विस्तार से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान संस्था के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

## शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन ने बांटे पांच हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक अवसर को जोडऩा होगा पौधारोपण व वितरण से : डा. पवन कुमार
- वस्थ जीवन और सुखी समाज की परिकल्पना सार्थक करने के लिए पौधारोपण जरूरी : त्रिवेणी बाबा

प्रकृति और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को ना सिर्फ पौधरोपण अपितु इनके रख-रखाव का समुचित प्रबंध भी करना पड़ेगा, तभी स्वस्थ जीवन और सुखी समाज की परिकल्पना सार्थक हो सकती है। यह बात गोगा पीर मेले के अवसर पर गांव झुपा कला में त्रिवेणी रोपण एवं श्रद्धालुओं को पौधा वितरण कार्यक्रम के अवसर पर त्रिवेणी बाबा ने कही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन डा. पवन कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है कि हम प्रत्येक अवसर को पौधारोपण व वितरण कार्य से जोड़े।

उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पौधारोपण के महत्वपूर्ण संदेश को पहुंचाया जा सकता है, जिससे वे पौधारोपण कार्य से प्रेरित होकर इस दिशा में अपनी भूमिका अदा कर सकें। कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत बेटी मनीषा की आत्मिक शांति एवं न्याय की मांग करते हुए त्रिवेणी रोपित करते हुए की। मुख्यअतिथि शिक्षा बोर्ड चेयरमैन ने प्रसाद के रूप में 5 हजार पौधें अपने हाथों से वितरित किए। उन्होंने बताया कि इस दौरान पौधारोपण व वितरण के साथ-साथ निःशुल्क आंखों की जांच का कैंप भी आयोजित किया गया।

### गोगा नवमी पर छात्र यश ने चलाया पौधरोपण अभियान

**बाढड़ा।** गांव कारी दास में स्थित सतकारी शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गोगा नवमी पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या सुनीता देवी ने बताया कि कक्षा नौवी में पढ़ने वाले छात्र यश की अध्यक्षता में पौधरोपण अभियान चलाया गया, यश जो की स्कूल इको 1लब का प्रधान है। यश और उसके स्कूल सहपाठियों ने छुट्टी वाले दिन एकत्रित होकर पौधरोपण करने का फैसला लिया, जिसके तहत स्कूल में एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर सतकारी स्कूल के छात्र यश ने मौजूद छात्र-छात्राओं के बीच अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं पिछले तीन साल से अपने जन्मदिन पर पौधरोपण कर रहा हूं और इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सब सहपाठियों से अपील करता हूं कि हर साल अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा रोपित जरूर करें क्योंकि पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है पौधे हमारे साथ साथ और अन्य जीव जन्तुओं को भी भोजन, छांव, निवास, लकड़ी और शुद्ध वायु प्रदान करते हैं इसलिए हम सब बच्चों को आगे आना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण प्रदूषण मुक्त हो सके। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुरेंद्र एडवोकेट, इको 1लब जिला समंवयक प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।

### रवि जांगड़ा के पिता का निधन लोगों ने जताया रोष

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा के रवि जांगड़ा के पिता सत्यनारायण का 74 वर्ष की आयु में सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले 20 दिनों से बीमार थे, वह अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और धार्मिक प्रवृत्ति के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन में सदैव लोगों को आपसी प्रेम, सहयोग और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। उनका जीवन संघर्ष, सेवा एवं भक्ति का अनुपम उदाहरण रहा। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र ने स्नेही, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को खो दिया है। अंतिम संस्कार में जांगड़ा समाज के प्रधान भूपसिंह जांगड़ा, सचिव महिपाल जांगड़ा, भाजपा नेता रामपाल कारी, सीटू नेता सुमेरसिंह धारणी, व्यापार मंडल प्रधान सुंदरपाल, सरपंच राजेश पप्पू, सरपंच राकेश श्योराण, व्यापारी नेता कटारसिंह, मनोज जांगड़ा, व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान संदीप उर्फ सिंटी, अशोक वकिल, वेद जांगड़ा, मामन जांगड़ा, सेठ अजय सिंगला, लालचंद, राजू, पत्रकार संदीप श्योराण, पत्रकार रमेश व पत्रकार पुनीत श्योराण आदि मौजूद थे।

## नागरिकों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे हो रहा समाधान

- सोमवार व वीरवार को 10 से 12 बजे लग रहे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर के माध्यम से एक ही छत के नीचे शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं।



समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम।

नागरिक अपनी समस्याओं को शिविरों में अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं।

प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। एसडीएम सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लें और समाधान के नाम पर खानापूर्ति न करें। प्रयास करें कि शिकायत रिओपन नहीं हो।

### राजनीतिक प्रचार सामग्री हटाने के लिए चलाया अभियान

## शहीदों की प्रतिमाओं पर राजनीतिक झंडे लगाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहर में शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमाओं पर राजनीतिक पार्टियों के झंडे और प्रचार सामग्री लगाने के खिलाफ सोमवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट ने विशेष अभियान चलाया।

ट्रस्ट के प्रधान मोनू तालू के नेतृत्व में युवाओं के समूह ने शहर के शहीद भगत सिंह चौक सहित विभिन्न चौराहों पर स्थित शहीदों की प्रतिमाओं से राजनीतिक पार्टियों



शहीदों की प्रतिमाओं पर लगी राजनीतिक पार्टियों की प्रचार सामग्री हटाकर जलाते कार्यकर्ता।

के झंडे हटाए। अभियान के दौरान मोनू तालू ने राजनीतिक पार्टियों से तीखा सवाल किया कि क्या हमारे शहीदों ने पार्टियां ज्वाइन कर ली है? उन्होंने कहा कि ये प्रतिमाएं युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना जगाने के लिए स्थापित की जाती हैं, लेकिन कुछ राजनीतिक दल इन पवित्र स्थलों का उपयोग अपने स्वार्थी प्रचार के लिए कर रहे हैं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने किसी एक पार्टी के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया था, उनकी प्रतिमाओं पर किसी भी राजनीतिक दल का झंडा लगाना उनके सर्वोच्च बलिदान का अपमान है। यह कार्रवाई ना केवल शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंचाती है, बल्कि युवाओं को भी भ्रमित करती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता, भिवानी ने तोशाम को हराकर जीती ट्रॉफी

## क्रिकेटरों को मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना था प्रतियोगिता का उद्देश्यः सुभाष चंद्र भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

जी लिट्रा स्कूल के मैदान में जिला स्तरीय स्कूली लडक्रों की अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भिवानी और तोशाम की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में भिवानी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि तोशाम की टीम उपविजेता रही। यह प्रतियोगिता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज की देखरेख में आयोजित की गई। जिसमें भिवानी पब्लिक स्कूल की डीपीई ममता टीम की इंचार्ज थीं तथा जोनल सैकेटरी मदन गोपाल रहे और उन्होंने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के कन्वीनर मदन गोपाल थे, जबकि प्रतियोगिता के इंचार्ज की जिम्मेदारी डॉ. अनिल कुमार ने संभाली। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य जिले के युवा क्रिकेटरों को मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना था। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक और अवसर मिला है। हमेशा खिलाड़ी को खेल खेल की भावना से खेलना चाहिए। कड़ी मेहनत व लग्न की बदौलत प्रतिभागी मुकाम तक पहुंच सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभागी को अपनी स्पर्धा को निखारने का मौका मिलता है। प्रतिभागियों को समय समय पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भिवानी और तोशाम दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। भिवानी की टीम ने फाइनल में अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं तोशाम की टीम ने भी जोरदार टक्कर दी और पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया, जिसके चलते वे दूसरे स्थान पर रहे।


भिवानी। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## खंड व जिला स्तरीय खेलों में आरईडी स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

खंड व जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में आरईडी स्कूल चरखी के 27 खिलाड़ियों का चयन हुआ। प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने और उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

प्रतियोगिता के अंडर 11 आयुवर्ग में शिवम व तनीष ने 200 मीटर दौड़ में बाजी मारी, देवांश व हिमांशी शॉट-पुट में चयनित हुए। वहीं यश, अर्नव, शिवम ने लक्ष्य रिले दौड़ में बाजी मारी। वहीं अंडर 14 के खिलाड़ियों में विशेष लॉन्ग जंप व 100 मीटर दौड़ में दिव्या , 200 मीटर दौड़ में वंशिका 100 मी. दौड़ , हिमांशी शॉट-पुट में, ईशा हाई जंप में व दिव्या, मानवी, नव्या ने प्रतिभा का लोहा मनाया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपने खेल कौशल का परिचय दिया। प्राचार्य सिकंदर पूनिया ने सभी खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों व खेल प्रशिक्षक संदीप को बधाई दी।

## कबड्डी में नौल्था स्कूल जीता

- गांव बापोड़ा में जन्माष्टमी एवं गोगा नवमी पर हुई नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता, लड़कियों में रिटोली स्कूल की टीम रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

गांव बापोड़ा में एसएम कबड्डी स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा जन्माष्टमी और गोगा नवमी पर हर वर्ष की भांति दो दिवसीय 12वीं नेशनल स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों से लगभग 70 लड़के और लड़कियों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे ग्रामीणों को कई रोमांचक और कांटेदार मुकाबले देखने को मिले। खेलप्रेमी सुभाष बापोड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन लड़कों के मैचों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। सेमीफाइनल मुकाबले में नौल्था स्कूल ने बापोड़ा की टीम को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल का मुकाबला नौल्था स्कूल और सोनीपत के बीच हुआ, जिसमें नौल्था स्कूल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सोनीपत को मात दी। जीत के साथ ही नौल्था स्कूल ने 31 हजार की इनामी राशि जीती। दूसरे दिन लड़कियों की 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। फाइनल मुकाबला रोहतक के रिटोली स्कूल और सोनीपत के आट्टा जोरसी के बीच हुआ। इस कांटेदार मुकाबले में रिटोली स्कूल ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान जीता। आट्टा जोरसी की टीम दूसरे, साई सोनीपत और बीएम एकेडमी निदानी की टीम ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में लड़कियों की विजेता टीम रिटोली स्कूल को एक लाख रूपये का नकद पुरस्कार दिया। वहीं उपविजेता टीम आटा जोरसी को 51 हजार रूपये, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को 31 हजार रूपये की इनामी राशि से सम्मानित किया।


भिवानी। विजेता टीमों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

## दीक्षा मलिक का भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के लिए ये गौरव का क्षण है, क्योंकि विश्वविद्यालय की हैंडबॉल खिलाड़ी दीक्षा मलिक का चयन भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में हुआ है। दीक्षा जूनियर एशियन वुमन चैंपियनशिप के लिए कजाकिस्तान जाएंगी, जो 20 से 29 अगस्त तक होगी।

विश्वविद्यालय के हैंडबॉल कोच मंजीत ढांडा ने बताया कि दीक्षा मलिक की ये उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए बड़ी जीत है। उन्होंने बताया कि दीक्षा ने अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय हैंडबॉल चैंपियनशिप में विश्वविद्यालय को पहला स्थान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोच मनजीत के अनुसार प्रतियोगिता की तैयारी के लिए दीक्षा ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ



इंडिया के गांधीनगर, गुजरात स्थित केंद्र में आयोजित एक महीने के विशेष प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया था। शिविर हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया था। दीक्षा की शानदार उपलब्धि पर पूरे विश्वविद्यालय और आसपास क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी, कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और डायरेक्टर स्पोर्ट्स प्रोफेसर सुरेश मलिक सहित हरियाणा राज्य हैंडबॉल संगठन के महासचिव संदीप कोटिया ने दीक्षा को बधाई दी।

## स्टेट कराटे में छाए खिलाड़ी

- पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल की निहारिका, हंसिका व दक्ष ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

कुश्ती और मुक्केबाजी के लिए मशहूर मिनी क्यूबा कहे जाने वाले भिवानी की बेटियों ने एक बार फिर कराटे में अपना जलवा बिखेरा है। कुरुक्षेत्र में हुई हरियाणा स्टेट कराटे चैंपियनशिप में पंडित सीताराम शास्त्री कन्या स्कूल की दो छात्राओं व एक छात्र ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा की छात्रा निहारिका व आठवीं कक्षा की हंसिका ने सिल्वर तथा छठी कक्षा के दक्ष ने ब्रांज मेडल जीता। स्टेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे छात्र-छात्राओं का सोमवार को विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्राचार्या सोनिया कौशिक ने कहा कि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर तीनों विद्यार्थियों ने न केवल परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी हासिल किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में इन छात्र-छात्राओं का चयन होना, कराटे जैसे खेलों में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। प्राचार्या सोनिया ने कहा कि हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रबंध समिति ने भी प्रोत्साहित किया।



भिवानी। राष्ट्रीय कराटे प्रतियागिता के लिए चयनित पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल की छात्राएंप्रा निहारिका, हंसिका व दक्ष। फोटो: हरिभूमि

## नांधा में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

- आरोपियों की जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा सुनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶बाढ़ड़ा

गांव नांधा के सैंकडों युवाओं व ग्रामीणों ने गांव नांधा से बाढड़ा के मुख्य क्रांति कारी चौक तक करीब दस किलोमीटर तक रोष प्रदर्शन कर लोहारू के गांव लक्ष्मण ढाणी निवासी मनीषा हत्याकांड में दोषियों को फांसी की सजा देने व पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताते हुए नारेबाजी की।

सरकार से जल्द ही आरोपियों को काबू कर उन्हें फांसी की सजा देने की बात कही। इसके बाद मनीषा को न्याय दो के नारे के साथ कस्बे के मुख्य चौक पर नारेबाजी की। मनीषा हत्याकांड को लेकर कस्बे बाढ़ड़ा में युवाओं व ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा।

सोमवार को बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन के लिए मुख्य चौक पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की। युवाओं ने चेतावनी दी कि आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस मौके पर कई सामाजिक संगठनों के लोग भी उपस्थित रहे और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



बाढ़ड़ा। मुख्य क्रांतिकारी चौक पर मनीषा हत्याकांड के विरोध में रोष जताते गांव नांधा के ग्रामीण व कस्बे में रोष मार्च निकाले गांव बाढ़ड़ा के युवा। फोटो: हरिभूमि

## ऑटो मार्केट व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- पुलिस मनीषा हत्याकांड मामले में तेजी से कार्रवाई नहीं करती है तो व्यापार मंडल उठाएगा और भी कड़ा कदम : भानु प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

व्यापार मंडल ने मंगलवार को शहर में प्रदर्शन कर गांव सिंघानी में अध्यापिका मनीषा की हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में शहर के कई व्यापारिक प्रतिष्ठान और ऑटो मार्केट बंद रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे जिले में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश ने कहा कि मनीषा की निर्मम हत्या ने पूरे भिवानी के व्यापारियों और आम नागरिकों में रोष पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑटो मार्केट सहित शहर की कुछ दुकानों ने बंद रहकर अपना विरोध दर्ज कराया है तथा वे पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। भानु प्रकाश ने कहा कि अगर पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई नहीं करती है तो व्यापार मंडल और भी कड़ा कदम उठाएगा। इस मौके पर ऑटो मार्केट के प्रधान मनोबल कौशिक ने इस घटना को शहर की कानून व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल बताया है। उन्होंने कहा कि एक अध्यापिका की हत्या दर्शाती है कि अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की अपील की।


भिवानी। गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दिनेश जांगड़ा, सुरेंद्र मिस्त्री, मोहनलाल, बजरंग, बाली, विष्णु, जय इंद्र, मनोज, प्रवीण, दीपक, सुभाष, आजाद सिंह, सुरेश सेठी, हंसा मिस्त्री सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## मनीषा हत्याकांड के दोषियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिसः नरेंद्र दिनोद

**भिवानी।** हरियाणा रोडवेज वर्कस यूनियन की बैठक सोमवार को बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल फौजी ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद , राज्य सचिव सुमेर सिवाच, राज्य कार्यालय सचिव सतबीर मुंढाल, राज्य उप प्रधान जय कुमार दहिया , राज्य वरिष्ठ उप प्रधान शिव कुमार के अलावा ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर यूनियन से शरबत पूनिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बेटी मनीषा हत्याकांड की घोर निंदा की और बेटी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने कहा कि शिक्षिका मनीषा की जो निर्मम हत्या कर शव खेतों में मिला था। इस मामले में अब तक पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया है। जिससे आमजन में भारी रोष है। इस घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद अब तक बेटी के हत्यारे खुले आम घूम रहे है। इस दुख की घड़ी में रोडवेज यूनियन बेटी मनीषा के परिजनों के साथ है।

## न्याय की मांग में एकजुट हुए गांव भेरा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम

- शिक्षिका मनीषा के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भेरा ग्रामवासियों ने निकाला कैंडल मार्च, किया रोष प्रदर्शन

गांव सिंघानी में शिक्षिका मनीषा की गला रेतकर की गई हत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर तोशाम क्षेत्र के गांव भेरा के ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। इस मामले में पुलिस की कथित लापरवाही से नाराज होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में रविवार रात को गांव भेरा में एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। इस मौके पर मौजूद ग्रामवासियों तथा युवाओं ने कहा कि जब तक मृतक शिक्षिका के हत्यारोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि न्याय की इस लड़ाई में वे हर कदम पर मृतका के परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षिका की निर्मम हत्या समाज को झकझोर देने वाली घटना है।

समाज को ज्ञान देने वाली शिक्षिका आज खुद असुरक्षित है, यह हमारे तंत्र और व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस की लापरवाही भी सामने आ रही है, जिसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा सिर्फ तबादले या स्थानांतरण नहीं, बल्कि लापरवाह पुलिसकर्मियों को सीधे टर्मिनेट करना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन इस मामले की गंभीरता को ले तथा जल्द से जल्द न्याय सुनिश्चित करे ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके और दोषी सलाखों के पीछे हों।

## गिरफ्तार न करना प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशानः सोनी

**भिवानी।** राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश महासचिव मा. हवासिंह सोनी ने कहा कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मनीषा हत्या कांड के आरोपियों को गिरफ्तार न कर पाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। हवासिंह सोनी ने कहा कि जिस प्रकार एक युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई, उसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों और ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो रालोद प्रदेशभर में आंदोलन खड़ा करेगी। प्रदेश महासचिव ने कहा कि सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गिरफ्तारी न होना यह दर्शाता है कि पुलिस पर दबाव है। उन्होंने मांग की कि मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए, ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। हवासिंह सोनी ने कहा कि यह किसी एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की बेटी की हत्या है।

## लेटर हुआ वायरल, एसपी ने झूठी खबरें फारवर्ड करने वालों पर कसा शिंकजा

- अगर किसी व्यक्ति ने झूठी खबर फैलाई तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

सोमवार दोपहर बाद अचानक कथित रूप से मृतका मनीषा के नाम का एक अंग्रेजी में लिखा हुआ लेटर वायरल हो गया। एक बार व्हटसअप ग्रुप में आने के बाद सभी ग्रुपों में फैल गया। पत्र सही था या किसी ने गलत पत्र शेयर किया था। यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा,लेकिन लेटर ग्रुप में डालते ही ग्रुप में जुड़े लोगों की आपस में बहस होने लगी। कोई पुलिस तो कोई प्रशासन पर अंगुली उठाने लगा। मामला एसपी तक भी पहुंचा। एसपी ने तत्काल पत्र जारी करके झूठी खबरों को फारवर्ड करने वालों पर शिंकजा कस दिया। साथ ही आदेश दिया कि अभी जांच जारी है। अगर किसी व्यक्ति ने झूठी खबर फैलाई तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मनीषा प्रकरण

वर्तमान में यह देखने में आया है कि ढाणी लक्ष्मण लोहारू निवासी मनीषा मामले में जिला पुलिस के द्वारा गहनता से जांच की जा रही है जो इस मामले में अभी तक पुलिस के द्वारा मनीषा मामले से जुड़ी जांच व किसी निष्कर्ष पर कोई भी आधिकारिक टिप्पणी या पुष्टि नहीं की गई है इसके बावजूद अनेक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर इनको संचालित करने वाले व्यक्ति स्वयं से बिना किसी आधिकारिक पुष्टि के झूठी खबरों का प्रकाशन कर रहे हैं अतः यह सभी ध्यान दें की जांच पूरी होने तक बिना किसी आधिकारिक पुष्टि के झूठी खबरों का किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर न चलाएं न ही अन्य व्यक्ति उसे फारवर्ड करें ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**मनीषा हत्या मामले को लेकर लोग आक्रोशित**

## अटेला में पंचायत, आरोपियों को गिरफ्तार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶बाढ़ड़ा

अटेला बस स्टैंड पर सोमवार को सांगवान खाप से जुड़े आठ गाँवों की संयुक्त पंचायत हुई। पंचायत की अध्यक्षता गांव आठ गांवों के प्रधान गोशाला प्रधान आजाद सिंह ने की। पंचायत में हाल ही में लक्ष्मण ढाणी निवासी लड़की मनीषा की हत्या की घटना पर गहरा आक्रोश जताया। वक्ताओं ने कहा कि ये जघन्य अपराध समाज को झंकझोरने वाला है और अब तक पुलिस व प्रशासन की ओर से दोषियों की गिरफ्तारी न होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। पंचायत ने सर्वसम्मति से जिला प्रशासन व सरकार से मांग की कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। खाप प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।


बाढ़ड़ा। कस्बे के जुई रोड पर मनीषा हत्या कांड के आरोपियों की गिरफतारी की मांग को लेकर रोष प्रदर्शन करते स्कूली बच्चें। फोटो: हरिभूमि

### श्रीराम स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने निकाला रोष मार्च

लोहारू के लक्ष्मण ढ़ाणी निवासी मनीषा हत्या कांड को लेकर कस्बे में श्रीराम पब्लिक स्कूल कांहडा स्कूल के बच्चों ने सोमवार को कस्बे में रोष प्रदर्शन किया और मनीषा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। स्कूली बच्चों ने कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक से बीडीपीओ कार्यालय तक रोष प्रदर्शन किया इस दौराने सैंकडों की संख्या में स्कूली बच्चें व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### गांव गोपी के युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

रविवार शाम को गांव गोपी के युवाओं ने गांव के बस स्टैंड पर सैंकडों की संख्या में इक्ट्ठा होकर पहले गांव में कैंडल मार्च निकाला। इसके बाद गोपी से बाढ़ड़ा के मुख्य क्रांतिकारी चौक तक करीब चार किलोमीटर तक कैंडल मार्च निकालकर रोष जताया और मनीषा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान गांव के सैंकडों युवा कैंडल मार्च में शामिल हुए।